कारोबारी सुगमता के 309 बिंदुओं पर शत प्रतिशत काम हुआ पूरा

मुख्य सचिव ने बाकी 37 बिंदुओं पर कार्यवाही पूरी करने के दिए निर्देश

लखनऊ। प्रदेश में कारोबारी सुगमता (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) से जुड़े 346 में से 309 बिंदुओं पर शत प्रतिशत काम हुआ है।

मुख्य सचिव राजेंद्र कुमार तिवारी ने लोक भवन में मंगलवार को प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की समीक्षा की। बैठक में गृह, नगर विकास, विधि, औद्योगिक विकास, सूचना, कार्यक्रम क्रियान्वयन, वित्त, आईटी सहित अन्य विभागों की ओर से रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न विभागों ने अब तक 346 में से 309 बिंदुओं पर शत प्रतिशत कार्यवाही की है। शेष 37 बिंदुओं पर कार्यवाही प्रगति पर है। तिवारी ने संबंधित विभागों को बचे कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर मुख्य सचिव औद्योगिक विकास आलोक कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। ब्यूरो